# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा

## दिनांक 08.01.2026 को आयोजित अभिषद् की बैठक का कार्यवृत्त

**समयः संध्या 05:30 बजे**
**स्थानः कुलपति आवासीय कार्यालय का सभाकक्ष**
**माध्यमः ऑनलाईन एवं ऑफलाईन (Hybrid Mode)।**
**उपस्थितिः**

1. प्रो0 संजय कुमार चौधरी, कुलपति – अध्यक्ष
2. डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी – सदस्य
3. डॉ0 अमर कुमार – सदस्य
4. श्रीमती मीना कुमारी – सदस्य
5. प्रो0 विजय कुमार यादव – सदस्य
6. श्री सुजीत पासवान – सदस्य
7. डॉ0 धनेश्वर प्रसाद सिंह – सदस्य
8. डॉ0 बिरेन्द्र कुमार चौधरी (ऑनलाईन) – सदस्य
9. डॉ0 इफ्तेकार अहमद (ऑनलाईन) – सदस्य
10. डॉ0 अनील कुमार चौधरी (ऑनलाईन) – सदस्य
11. डॉ0 दिव्या रानी हंसदा, कुलसचिव – सचिव

सचिव–सह–कुलसचिव द्वारा माननीय अध्यक्ष–सह–कुलपति महोदय को गणापूर्ति की सूचना प्रदान करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करने की अनुमति माँगी गई। अनुमति प्राप्ति के पश्चात् सचिव द्वारा ऑनलाईन एवं ऑफलाईन माध्यम से जुड़े सभी माननीय सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए बैठक की विधिवत् कार्यवाही प्रारंभ की गई।

मद सं0 1 अभिषद् की गत बैठक दिनांक– 23.12.2025 के कार्यवृत्त एवं अनुपालन प्रतिवेदन पर विचार।

निर्णय : **सचिव द्वारा अभिषद् की बैठक दिनांक 23.12.2025 के कार्यवृत्त तथा उससे संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन को सदन के समक्ष रखा गया। अनुपालन प्रतिवेदन के सम्पुष्टि के क्रम में मद सं0 5 में लिए गये निर्णय के आलोक में सूचित किया गया कि पिछले बैठक में माननीय सदस्य प्रो0 दिलीप कुमार चौधरी के द्वारा जिज्ञासा की गई थी कि संचिका का अवलोकन करना चाहते है जिस पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने उनके अलावा एक और माननीय सदस्य डा0 अमर कुमार को अवलोकन हेतु आग्रह किया। इसके लिए दिनांक 13.01.2026 को तिथि रखी गई। यदि 13.01.2026 को दोनों सदस्य अवलोकन हेतु आते है अथवा नहीं आते है तो समझा जायेगा कि अवलोकन हो गया है।**

**तदुपरान्त, सर्वसम्मति से, अभिषद् की गत बैठक दिनांक 23.12.2025 के कार्यवृत्त को सम्पुष्ट किया गया और अनुपालन प्रतिवेदन पर संतोष व्यक्त किया गया।**

मद सं0 2 वित्त समिति की बैठक दिनांक 07.01.2026 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय : **वित्त समिति की बैठक दिनांक 07.01.2026 के कार्यवृत्त को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।**

| | | |
|---|---|---|
| मद सं0 | 3 | अनुशासन समिति की बैठक दिनांक 02.01.2026 की कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार। |
| **निर्णय** | : | **अनुशासन समिति की बैठक दिनांक 02.01.2026 के कार्यवृत्त को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।** |
| मद सं0 | 4 | प्रो0 विनय कुमार चौधरी, प्राचार्य, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, ल0ना0मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के सवैतनिक असाधारण अवकाश की स्वीकृति पर विचार। |
| निर्णय | : | **प्रो0 विनय कुमार चौधरी, प्राचार्य, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के सवैतनिक असाधारण अवकाश की स्वीकृति के प्रस्ताव पर चर्चा के क्रम में कुछ माननीय सदस्यों द्वारा सूचित किया गया कि उन्हें सवैतनिक अथवा अवैतनिक अवकाश देय होगा, इस पर गहन विचार–विमर्श की आवश्यकता है। जिस पर माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सिंडिकेट सदस्यों की पाँच सदस्यीय समिति का गठन किया गया जो सभी नियम, परिनियम, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के उप–नियम (By-Laws) इत्यादि के गहन अध्ययन/अवलोकन के उपरान्त प्रतिवेदन के माध्यम से माननीय अध्यक्ष–सह–कुलपति महोदय को नियमानुसार शीध्रताशीध्र संसूचित एवं अनुशंसित करेगी जिसके आधार पर अग्रेतर निर्णय लिया जायेगा। उक्त पाँच सदस्यीय समिति की संरचना निम्न प्रकार से निर्धारित की गईः–**<br>**1. डॉ0 धनेश्वर प्रसाद सिंह – सदस्य**<br>**2. श्रीमती मीना कुमारी – सदस्य**<br>**3. डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी – सदस्य**<br>**4. श्री सुजीत पासवान – सदस्य**<br>**5. डॉ0 अमर कुमार – संयोजक**<br>**उक्त समिति को यदि सलाह/परामर्श की आवश्यकता हो तो, इस हेतु समिति विश्वविद्यालय के वित्तीय परामर्शी, कुलानुशासक तथा निदेशक, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय से सलाह/परामर्श ले सकते है।**<br>**इसके साथ ही, प्रो0 चौधरी को पाँच वर्षो के लिए अवकाश सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।** |
| **मद सं0** | **5** | **अतिरिक्त मद अगर कोई हो तो (अध्यक्ष की अनुमति से)** |
| अ0 मद सं0 | 1 | डा0 एपीजे अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, ल0ना0मि0वि0वि0, दरभंगा के 51वाँ, 52वाँ, 53वाँ एवं 54वाँ प्रबंध परिषद की बैठक क्रमशः दिनांक 04.08.2024, 11.01.2025, 22.07.2025 एवं 03.12.2025 में की गई अनुशंसाओं पर विचार। |
| निर्णय | : | **सर्वसम्मति से, डा0 ए पी जे अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, ल0ना0मि0वि0वि0, दरभंगा के 51वाँ, 52वाँ, 53वाँ एवं 54वाँ प्रबंध परिषद की बैठक क्रमशः दिनांक 04.08.2024, 11.01.2025, 22.07.2025 एवं 03.12.2025 में की गई अनुशंसाओं को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।** |
| अ0 मद सं0 | 2 | डॉ0 अमर कुमार के प्रस्ताव 4th Phase में अंगीभूत महाविद्यालयों के संबंध में गठित समिति के प्रतिवेदन पर विचार। |
| निर्णय | : | **सर्वसम्मति से, उक्त दोनों महाविद्यालयों से संबंधित समिति के प्रतिवेदन को बजट के साथ आगामी वित्त समिति तथा आगामी अभिषद् के समक्ष उपस्थापित करने पर सहमति बनी। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2026–2027 के आय–व्ययक में भी इसे शामिल करने का निर्णय लिया गया।** |

**डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी ने आग्रह किया कि समिति के प्रतिवेदन को यथाशीघ्र बिहार सरकार, पटना को अग्रेतर कारवाई हेतु भेजा जाय।**

अ0 मद सं0 3 डॉ0 अमर कुमार द्वारा सूचित किया गया कि विश्वविद्यालय के कुछ महत्वपूर्ण भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है, उसे सुरक्षित करने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।

निर्णय : **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि, विभिन्न जगहों पर अवस्थित विश्वविद्यालय के भूमि को चहारदिवारी निर्माण कर सुरक्षित किया जाय। भू–सम्पदा पदाधिकारी सभी खाली पड़े भूमि को किस तरह प्रयोग में लाया जाय, इस पर एक ब्लू–प्रिन्ट तैयार कर माननीय अध्यक्ष–सह–कुलपति महोदय के समक्ष उपस्थापित करेंगे।**

**साथ ही, यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी महाविद्यालयों में अवस्थित तालाबों, पोखरों, खाली जमीन इत्यादि का बंदोबस्ती इत्यादि का कार्य एवं प्रबंधन विश्वविद्यालय के भू–सम्पदा विभाग द्वारा ही कराया जायेगा और इससे होने वाले आय या आय का अंश महाविद्यालय को देय नहीं होगा।**

अ0 मद सं0 4 डॉ0 बैद्यनाथ चौधरी के प्रस्ताव की विश्वविद्यालय में सहायक कुलसचिव तथा उप कुलसचिव के पद पर नियमानुसार योग्य शिक्षकेत्तर कर्मियों के प्रोन्नति देने पर विचार।

निर्णय : **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस हेतु माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति कार्यालय, बिहार लोक भवन, पटना से दिशा–निर्देश प्राप्त किया जाय। दिशा–निर्देश के आलोक में नियमानुसार अग्रेत्तर कारवाई की जाय।**

माननीय अध्यक्ष महोदय के अनुमति से कुलसचिव–सह–सचिव द्वारा ऑनलाईन एवं ऑफलाईन मोड में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों को बैठक के सुचारू रूप से संचालन में सहयोग, महत्वपूर्ण सुझाव तथा बहुमूल्य समय दिये जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया गया। तदुपरान्त, बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

ह0/–
(डॉ0 दिव्या रानी हंसदा)
कुलसचिव–सह–सचिव

ह0/–
(प्रो0 संजय कुमार चौधरी)
कुलपति–सह–अध्यक्ष

ज्ञापांक :– UB-834/26

दिनांक–08.01.2026

प्रतिलिपि प्रेषित–

1. **अभिषद् के सभी माननीय सदस्य**, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
2. **आयुक्त सह सचिव, उच्च शिक्षा**, बिहार पटना;
3. **निदेशक, उच्च शिक्षा**, बिहार पटना;
4. **उप–सचिव**, राज्यपाल सचिवालय, बिहार पटना;
5. **सभी पदाधिकारी**, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
6. **नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाईट)**, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
7. **कुलपति के सचिव/प्रति–कुलपति/वित्तीय परामर्शी/कुलसचिव के निजी सहायक**, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

08-01-26
कुलसचिव

08/01/26